## एक नजर में

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत लगाए पौधे



**आगर-मालवा, 18 जून.** नगर पालिका परिषद आगर द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आगर नगर स्थित नमो उपवन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के कर कमलों द्वारा 51 पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, भाजपा बड़वानी जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश परमार, प्रेम यादव, आगर मंडल अध्यक्ष भरत प्रजापति, पार्षद अजय मारू बरड़िया, मनीष सोलंकी, रानू राज नरवाल, योगेश योगी एवं गोपाल कुंभकार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुशाल सिंह डोडवे सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे. उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आगर के निर्माण हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया. वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं जन जागरूकता का संदेश दिया गया.

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**शाजापुर, 18 जून.** संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 से 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया हैं, जिसके अनुसार 21 जून को बारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजन के साथ-साथ काउन्टडाउन एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे. 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की संपूर्ण कार्यवाही के लिए जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शिप्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं.

### भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन




**शाजापुर, 18 जून.** किसानों ने खेती किसानी के कार्य में आ रही समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार गौरव पोरवाल को सौंपा. जिसमें किसानों ने खेती किसानी के कार्य में आ रही समस्याओं का उल्लेख करते हुए इनके निराकरण की मांग की. किसानों ने बताया कि कृषि कार्यों के लिए डीजल को केन डिब्बे में उपलब्ध कराने की अनुमति दी जाए, क्योंकि नई व्यवस्था के कारण ट्रैक्टर को बार बार पेट्रोल पंप तक ले जाना पड़ता है, जिससे 10 से 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है और समय व खर्च दोनों बढ़ते बर्बाद होते हैं. किसानों ने सोयाबीन फसल के लिए प्रति बीघा एक बोरी यूरिया उपलब्ध कराने की मांग भी की. इसके साथ ही गुणवत्तायुक्त सोयाबीन बीज पर 75 प्रतिशत सब्सिडी देने की अपील की गई. ज्ञापन में किसानों ने रबी सीजन के लिए अगस्त माह से ही खाद वितरण के टोकन जारी करने की मांग की. इसके अलावा एमपीके खाद के बढ़े हुए दामों को वापस लेने या प्रति बोरी 500 रुपए की सब्सिडी देने की भी बात रखी गई. ज्ञापन में किसानों ने बिना स्पॉट सर्वे के कृषि पंपों की हॉर्स पावर बढ़ाने के निर्णय को निरस्त करने की मांग की. इसके अलावा सोलर पंप योजना के नए आवेदन शुरू करने और लंबित आवेदकों को शीघ्र पंप उपलब्ध कराने की मांग की गई. किसानों ने मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना की लंबित राशि जल्द खातों में जारी करने की भी अपील की.

### आधार नामांकन और अपडेट का विशेष अभियान कल

**शाजापुर.** 20 जुलाई शनिवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक डाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है. इस विशेष अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट आदि आसानी से करवा सकते हैं. यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी. अभियान के दौरान संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को शीघ्र एवं सुगम सेवा प्रदान की जा सके. अतः समस्त नागरिकों से अपील है कि वे दिनांक 20 जून शनिवार को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक शाजापुर डाकघर में पहुंचकर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं.

### दिन में गर्मी, शाम को बारिश ने दी राहत



**शाजापुर, 18 जून.** जून की चिलचिलाती गर्मी बर्दाश्त कर रहे शहरवासियों पर शाम होते ही नगर का मौसम मेहरबान हो रहा है. बुधवार को भी दिनभर तपने के बाद नगर में हल्की बारिश से ठंडक घुल गई थी. गुरूवार को भी मौसम के यही हाल रहे और शाम को नगर में रूक रूककर बारिश होती रही जिससे मौसम में ठंडक घुल गई. इन दिनों नगर में प्री मानसून गतिविधियां सक्रिय हैं, जिसके चलते नगर में शाम को मौसम बदल रहा है और बारिश हो रही है. दो दिनों से मौसम के यही हाल हैं. गुरूवार को भी सुबह से दोपहर तक आसमान साफ था और धूप खिली हुई थी. शाम करीब 4 बजे अचानक मौसम बदला और आसमान पर बादल छा गए, तेज हवाओं के साथ कुछ देर बाद बारिश शुरू हो गई. जिससे बचने के लिए लोगों को छाते लेकर निकलना पड़ा. इसके कुछ देर बाद बारिश थम गईए लेकिन कुछ देर बाद शुरू हुई आंधी के साथ एक बार फ़िर बादल बरस पड़े, जिसके चलते करीब आधे घंटे तक नगर में हल्की बारिश होती रही, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि गुरूवार को नगर का अधिकतम तापमान 38.2 और न्यूनतम तापमान 24.4 दर्ज किया गया. इस दिन आद्रता 49 प्रतिशत दर्ज की गई और उत्तर पश्चिमी हवाओं की गति 14 किमी दर्ज की गई, उन्होंने बताया कि कुछ दिनो तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा और शाम को बारिश की संभावना बनी हुई है, इस दौरान तेज आंधी भी चल सकती है. प्री मानसून गतिविधियां भले ही लोगों को राहत दे रही हैं, लेकिन नगरवासियों को अब मानसूनी बारिश का इंतजार है. किसानों की माने तो प्री मानसून गतिविधियों के तहत हो रही इस बारिश से जमीन में नमी लौटेगी और बोवनी में काफ़ी मदद भी मिलेगी. लेकिन उन्हें भी मानसूनी बारिश का इंतजार है ताकि पर्याप्त वर्षा होने की स्थिति में वे बोवनी के कार्य की शुरूआत कर सकें.

# 6 वर्ष में भी ईओडब्ल्यू नहीं कर पाया भ्रष्टाचार की जांच

## 2021 में कोविड में हुए भ्रष्टाचार को लेकर की थी शिकायत, जांच अब भी लंबित

**शाजापुर. सदी की सबसे बड़ी महामारी कोविड में खरीदी के नाम पर करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ. यहां तक कि कोविड में गेहूं उपार्जन केंद्रों पर फर्जी किसानों को भोजन के पैकेट वितरण कराकर लाखों रुपए का घोटाला किया गया, जबकि कोविड के समय पूरा देश लॉकडाउन में था, लेकिन शाजापुर के तत्कालीन कलेक्टर और जनपद सीईओ ने लॉकडाउन में गेहूं के उपार्जन केंद्रों पर फर्जी किसानों को भोजन के पैकेट वितरित कर दिए.**

**इस संबंध में नवभारत की खबर पर ईओडब्ल्यू उज्जैन द्वारा प्रकरण जांच में लिया गया, लेकिन छह साल बाद भी आर्थिक अपराध अनुसंधान (ईओडब्ल्यू) उज्जैन इस भ्रष्टाचार की जांच तो दूर, जिला प्रशासन से जांच का प्रतिवेदन भी नहीं ले पाया. इस दौरान एक जनपद सीईओ की मौत भी हो गई है. अब अंदाजा लगा सकते हैं कि भ्रष्टाचार के मामलों में किस कदर कछुआ चाल एजेंसियों की रहती है.**

गौरतलब है कि 2021 में शाजापुर में कोविड के दौरान गेहूं उपार्जन केंद्र पर फर्जी किसानों को भोजन वितरण, सेनेटाइजर, ब्लिचिंग एवं अन्य सामग्री की शिकायत की गई थी, जिस पर ईओडब्ल्यू ने शाजापुर जिला प्रशासन को लिखित में कई बार सूचित किया, लेकिन आज दिनांक तक ईओडब्ल्यू इस भ्रष्टाचार की जांच का भी प्रतिवेदन नहीं मंगा पाया. एक बार फिर 11 जून 2026 को छह साल पुरानी यह शिकायत फिर फाइलों से बाहर आई और फिर वही पुरानी बात नए कागज पर उतारकर जिला प्रशासन को नई चिट्ठी भेज दी गई. अब देखना यह है कि इस अतिगंभीर और करोड़ों के भ्रष्टाचार के मामले में ईओडब्ल्यू उज्जैन अपनी ये जांच पूरी कर पाता है या जांच-जांच का ये खेल प्रशासन और ईओडब्ल्यू के बीच ऐसे ही चलता रहेगा.


### कैसे होगी जांच, जपं सीईओ की हो गई है मौत

शाजापुर जनपद द्वारा कोविड के समय जो भ्रष्टाचार किया गया था, उसकी जांच तो नहीं हुई, लेकिन इन छह साल में शाजापुर के तत्कालीन जनपद सीईओ काल के गाल में समा गए. अब ऐसे में उनके कार्यकाल के भ्रष्टाचार की जांच कौन करेगा. क्योंकि भ्रष्टाचार की जांच को दबाने के लिए एक नया बहाना भी अधिकारियों को मिल चुका है कि जनपद सीईओ के कार्यकाल की शिकायत है और उनका निधन हो गया है, तो ऐसे में जांच कैसे करें.

### ईओडब्ल्यू और प्रशासन के बीच जांच का खेल जारी

7 जुलाई 2021 को पत्र क्रमांक 21/270, पत्र क्रमांक 447 दिनांक 27 अगस्त 2021, पत्र क्रमांक 133 दिनांक 21 नवंबर 2021, पत्र क्रमांक 552 दिनांक 12 फरवरी 2023, पत्र क्रमांक 642 दिनांक 25 जुलाई 2023 और 12 अक्टूबर 223 को इतने पत्र जांच के लिए ईओडब्ल्यू ने जारी किए हैं, लेकिन आज तक आर्थिक अनुसंधान उज्जैन इस जांच का प्रतिवेदन शाजापुर जिला प्रशासन से नहीं मंगा पाया. अब एक बार फिर पत्र क्रमांक 1047 दिनांक 11 जून 2026 को इस जांच का प्रतिवेदन ईओडब्ल्यू ने सात दिन में मांगा है. अब देखना है कि इस बार ये जांच पूरी होती है या फिर ईओडब्ल्यू और प्रशासन के बीच जांच का खेल बदस्तूर जारी रहता है.

### पूर्व पार्षद खान बने मोहर्रम कमेटी के उपाध्यक्ष



**शाजापुर.** पूर्व पार्षद सरदार मूसा आजम खान को मोहर्रम कमेटी सदर इमरान खरखरे ने नई कार्यकारिणी घोषित कर मोहर्रम त्योहार को देखते हुए कमेटी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया. पिछले दिनों मोहर्रम कमेटी की कार्यकारिणी घोषित की गई थी, जिसमें शहर केकई वरिष्ठ मुस्लिम समाज के समाजसेवियों को मोहर्रम त्योहार मनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. शहर में भाईचारे और शांति से मोहर्रम का त्योहार मने, इसलिए शहर के अलग-अलग मोहल्लों से वरिष्ठ मुस्लिम समाजजनों एवं युवाओं को नई जिम्मेदारी से नवाजा गया.

## श्रमिकों से कार्य लेने के लिए ठेकेदारों को लायसेंस लेना जरूरी

**शाजापुर. जिले में विभिन्न निर्माण विभागो में जैसे लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग, सिंचाई विभाग, एमपीईबी, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पीआईयू मप्र सडक निर्माण, सीएमएचओ, जिला अस्पताल तथा अन्य कई विभागो में आउटसोर्स तथा एजेंसी ठेकेदारो के माध्यम से काम लिया जाता है.**

जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि देखने में यह आया कि ठेकेदारो द्वारा बिना लाईसेंस के श्रमिको से कार्य करवा रहे है. तथा न ही संबधित विभागो द्वारा प्रमुख नियोजक का रजिस्ट्रेशन करवा रहे. यदि कोई विभाग ठेकेदारो के माध्यम से कार्य करवाते है तो उन्हें संविदा श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1970 के तहत ठेकेदारो को धारा 12 में लाईसेंस लेना अनिवार्य है तथा साथ ही में संबधित विभाग प्रमुख को संविदा श्रम प्रतिषेध एंव विनियमन अधिनियम, 1970 की धारा 07 के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराना हैं. जिले के समस्त ओद्यौगिक संस्थानों, फैक्ट्री, कारखाना एंव समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, प्राथमिक बोर्ड, निगम अंतर्गत नियोजित ठेकेदार तथा उनके विभाग अथवा संस्थान प्रमुख को धारा 07 में रजिस्ट्रेशन कराना एंव ठेकेदार को धारा 12 के अंतर्गत लाईसेंस प्राप्त करना अनिवार्य हैं. ठेकेदार के लाईसेंस एवं प्रमुख नियोजक रजिस्ट्रेशन के लिए एमपी ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है तथा आनलाईन के माध्यम से लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन प्राप्त किया जा सकता हैं. यह सेवा पूर्णतः आनलाईन है. अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग शाजापुर में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक समर्क किया जा सकता हैं.

## चलती बाइक में निकला फन फैलाए सांप



**शुजालपुर, 18 जून. शहर के कमल्या बाईपास मार्ग पर उस समय एक अनोखी और रोमांचक घटना देखने को मिली, जब शुजालपुर निवासी अर्जुन परमार अपनी बाइक से गुजर रहे थे. यात्रा के दौरान अचानक उनकी बाइक की पेट्रोल टंकी के पास से एक सांप फन फैलाए हुए बाहर निकल आया.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अर्जुन परमार जब अपनी बाइक पर जा रहे थे. इसी दौरान बाइक की पेट्रोल टंकी के साइड वाले हिस्से से एक सांप निकलकर सामने आ गया और फन फैलाकर बैठ गया. चलते वाहन में अचानक सांप दिखाई देने से अर्जुन का ध्यान भटक सकता था और बड़ा हादसा भी हो सकता था, लेकिन उन्होंने घबराहट में कोई गलत कदम उठाने के बजाय तुरंत बाइक की गति नियंत्रित की और सुरक्षित स्थान पर वाहन रोक लिया. बाइक रुकते ही सांप फुर्ती से सीट के नीचे वाले हिस्से में घुस गया. इसके बाद आसपास मौजूद लोगों की सहायता से बाइक की सीट खोली और सांप को बाहर निकलने का रास्ता दिया. कुछ देर बाद सांप स्वयं बाहर निकल आया और सड़क किनारे की ओर बढ़ते हुए झाड़ियों में चला गया. घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई और सभी ने अर्जुन परमार की सूझबूझ की सराहना की.

## राहुल गांधी से मिले अंकुश भटनागर



**आगर-मालवा. एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने कोटा में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के दौरान नेता विपक्ष राहुल गांधी से कोटा में मुलाकात हुई. भटनागर ने कहा कि राहुल गांधी से हर मुलाकात के बाद नवीन ऊर्जा का संचार होता है.**

नफरत के बाजार में आपका मोहब्बत का संदेश देश के हर वर्ग व धर्म को संबल और हम सब कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देता है. कोटा की धरती से राहुल गांधी जी ने छात्रों की गूंज कार्यक्रम की शुरुआत की. यह एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम था, जिसका केंद्र केवल छात्रों, उनके अभिभावकों और देश की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे थे. इस कार्यक्रम में छात्रों और अभिभावकों ने खुलकर अपनी बात रखी, जबकि राहुल गांधी जी ने उनकी चिंताओं को सुना और शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं के दबाव तथा युवाओं के भविष्य पर अपने विचार साझा किए. यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लाखों छात्रों की आवाज़ को सुनने और समझने की एक सार्थक पहल थी.

## सीख समाज ने की गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर छबील सेवा

**शुजालपुर. सिख धर्म के पांचवें गुरु एवं महान संत शहीद गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर गुरुवार को शहर में श्रद्धा, सेवा और मानव कल्याण की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस अवसर पर सिख समाज ने छबील सेवा लगाकर राहगीरों और आमजन को शीतल पेय वितरित किया.**

पंजाबी मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा साहिब में सुबह कीर्तन, गुरुबाणी पाठ एवं अरदास का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया. धार्मिक कार्यक्रमों के पश्चात गुरुद्वारा परिसर में लंगर का आयोजन भी किया गया. साथ ही श्रद्धालुओं को ठंडा एवं मीठा शीतल पेय वितरित किया गया. मंडी क्षेत्र तथा बस स्टैंड परिसर में सार्वजनिक छबील सेवा शुरू हुई. सेवा कार्य में राजपाल परिवार, जुनेजा परिवार सहित सिख समाज के अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई. दोपहर तक चली इस सेवा के दौरान यात्रियों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों सहित हजारों लोगों ने शीतल पेय ग्रहण किया. सिख समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरु अर्जन देव ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए भीषण यातनाएं सहते हुए शहादत दी थी. उनकी स्मृति में शहीदी दिवस पर छबील सेवा लगाने की परंपरा है. यह सेवा निस्वार्थ भाव, परोपकार, समानता और मानव सेवा का संदेश देती है. समाजजनों ने कहा कि गुरु परंपरा का मूल उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता और मानवता की सेवा है, जिसे छबील सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है.



## आम के हरे-भरे पेड़ को काटा, वन विभाग ने बनाया पंचनामा

**शाजापुर, 18 जून. नगर सहित जिले भर में पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से की जा रही है. गुरूवार को भी कुछ लोगों ने लोंदिया रोड पर आम के एक हरेभरे पेड़ को काट दिया.**

गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे सूचना मिलने पर लालघाटी पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. मौके पर वन विभाग को करीब 20 क्विंटल से अधिक आम की कटी हुई लकड़ी मिली. बताया गया कि घटनास्थल पर पांच लोग भी मौजूद थे. टीम ने पूरे मामले का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई. घटना के बाद वन विभाग ने मौके पर पंचनामा तैयार किया. आगे की कार्रवाई के लिए मामले से संबंधित दस्तावेज राजस्व विभाग को भेजे गए हैं.



### फिर बढ़ने लगी पेड़ों की कटाई

जिले में पेड़ों की अवैध कटाई और लकड़ी के परिवहन के मामले लगातार सामने आ रहे है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि हरायपुरा क्षेत्र और कालेज के सामने स्थित नहर मार्ग से ट्रैक्टरों के जरिए दिन रात लकड़ी का परिवहन किया जाता है. जिस पर वन विभाग पदस्थ रेंजर प्रेमलता मौर्य ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है, उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्रों में टीम भेजी जाएगी और निगरानी बढ़ाई जाएगी. उन्होंने बताया कि अवैध लकड़ी परिवहन की शिकायतों को देखते हुए रात्रि गश्त भी बढ़ाई जाएगी.

## सीएमओ मिश्रा ने संभाला पदभार

**शुजालपुर, 18 जून. नगर पालिका परिषद शुजालपुर को नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ के रूप में ओम त्रयंबकेश्वर मिश्रा का नेतृत्व प्राप्त हुआ है. उन्होंने नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया.**

पदभार ग्रहण करने के अवसर पर नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं. पदभार संभालने के बाद मिश्रा ने नगर पालिका के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, विकास कार्यों एवं नगर की प्रमुख समस्याओं की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ प्रारंभिक चर्चा करते हुए कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी. उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों से समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे. मिश्रा ने नगरवासियों से भी सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छ, सुंदर और विकसित शुजालपुर के निर्माण में जनभागीदारी महत्वपूर्ण है. नगर के विकास से जुड़े कार्यों को गति देने तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए नगर पालिका पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी.

### स्टाम्प शुल्क परिवर्तित

**शाजापुर, 18 जून.** राज्य शासन द्वारा मप्र राजपत्र असाधारण में नोटरी द्वारा शपथ पत्र आदि पर लगाए जाने वाले स्टांप शुल्क 50 रुपए के स्थान पर 200 रुपए तथा 1000 रुपए के स्थान पर 5000 रुपए स्थापित किया गया है. डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा ने समस्त जिला अधिकारियों, अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व, नरगपालिका अधिकारियों, तहसीलदारों एवं प्रावाचक कलेक्टर व प्रवाचक अपर कलेक्टर से उपरोक्तानुसार शासन द्वारा दिए गए निर्देश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चत करने का अनुरोध किया हैं. यदि नोटरी अधिवक्ता नियम विरूद्ध कृत्य करता पाया जायेगा तो नोटरी नियम 1956 के तहत गंभीर कदाचरण की श्रेणी में माना जायेगा एवं उचित नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी.

## एक नजर में
### खेत बचाओ अभियान पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## धरती माता को बचाना है तो अपनानी होगी प्राकृतिक खेती

**आगर-मालवा. पुरानी कृषि उपज मंडी में प्राकृतिक खेती संवर्धन एवं खेत बचाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सोलंकी ने कहा कि वर्तमान समय में धरती माता और मानव स्वास्थ्य दोनों को बचाने के लिए प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगातार कम हो रही है तथा पर्यावरण पर भी इसके दुष्प्रभाव दिखाई दे रहे हैं. यदि हम आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं तो हमें प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौहान ने कृषकों से फसल विविधीकरण अपनाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि जिले के किसान केवल सोयाबीन पर निर्भर न रहें, बल्कि मक्का एवं ज्वार जैसी फसलों का भी उत्पादन करें. इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा कृषि क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि आएगी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गेहलोत ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और स्वस्थ भविष्य का आधार है.



## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

**शुजालपुर. क्षेत्र के ग्राम मंडावर में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण एक युवक घायल हो गया. दुर्घटना के बाद बाइक चालक मौके पर अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस के अनुसार ग्राम मंडावर निवासी गोविंद राजपूत गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने अंकल चंदरसिंह राजपूत के घर के समीप बाइक खड़ी कर खड़े थे. इसी दौरान मंडावर रोड की ओर से आ रही एक बाइक ने तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में गोविंद राजपूत बाइक सहित सड़क पर गिर गए. दुर्घटना में उनके दाहिने पैर के अंगूठे, घुटने, दाहिने हाथ की कोहनी तथा कमर में चोटें आईं और रक्तस्राव भी हुआ. मौके पर मौजूद परिजनों ने उन्हें संभाला. घायल ने बताया कि टक्कर मारने वाली बाइक का नंबर एमपी 42 एमएस 9004 है. दुर्घटना के बाद चालक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया. घटना की सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है. मामले की जांच कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राजेंद्र उपाध्याय को सौंपी गई है. पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है.